भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 693

दिनांक 22 जुलाई,2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को निधि का आवंटन

693 # श्री नीरज डांगीः

क्या वाणिज्य और उद्योगमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न राज्यों को आवंटित की गई निधि का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या निर्यात को बढ़ावा देने हेतु राज्यों की सहायता करने के लिए सरकार की कोई योजना है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): वाणिज्य विभाग, भारत सरकार निर्यात के विकास के लिए उपयुक्त अवसंरचना निर्माण में केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों की सहायता करने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2017-18 से निर्यात के लिए व्यापार अवसंरचना योजना (टीआईईएस) को कार्यान्वित कर रहा है। इस स्कीम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में निर्यात अवसंरचना की स्थापना या उन्नयन के लिए केंद्र/राज्य सरकार के स्वामित्व वाली एजेंसियों (या उनकी प्रमुख हिस्सेदारी वाले उनके संयुक्त उद्यमों) को सहायता अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस स्कीम का लाभ राज्यों द्वारा अपनी कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से, सीमावर्ती हाटों, भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों, गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन प्रयोगशालाओं, शीत श्रृंखलाओं, व्यापार संवर्धन केंद्रों, निर्यात भंडारण और पैकेजिंग, एसईजेड और बंदरगाहों/हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनस जैसी महत्वपूर्ण निर्यात लिंकेज वाली अवसंरचना परियोजनाओं के लिए उठाया जा सकता है। योजना के दिशा-निर्देश https://commerce.gov.in/trade-promotion/trade-promotion-assistance/.
पर उपलब्ध हैं ।

टीआईईएस के तहत वित्त वर्ष 2019-20 से 2022-23 (19 जुलाई, 2022 तक) के दौरान कुल 27 निर्यात अवसंरचना परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई है । पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

***

अनुबंध-I

दिनांक 22.07.2022 को उत्तर के लिए राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 693 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

टीआईईएस के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण {वित्त वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2022-23 (19.07.2022 तक)}

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम, जहां परियोजना स्थित है	वर्ष	स्वीकृत नई परियोजनाओं की संख्या	जारी की गई टीआईईएस निधि (करोड़ रुपये में)
1.	कर्नाटक	2019-20	0	2.65*
		2020-21	0	0
		2021-22	0	0.35*
		2022-23	1	5.46**
		कुल	**1**	**8.46**
2	केरल	2019-20	1	10
		2020-21	0	0
		2021-22	1	18.09*
		2022-23	0	0
		कुल	**2**	**28.09**
3	मणिपुर	2019-20	0	0
		2020-21	0	5.63*
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**0**	**5.63**
4	आंध्र प्रदेश	2019-20	0	9.9856*
		2020-21	2	13
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**2**	**22.9856**
5	तमिलनाडु	2019-20	5	15.91
		2020-21	1	14.4584*
		2021-22	4	22.94
		2022-23	0	2.82**
		कुल	**10**	**56.1284**
6	मध्य प्रदेश	2019-20	0	8.04*

		2020-21	0	0
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**0**	**8.04**
7	उत्तर प्रदेश	2019-20	0	0.48
		2020-21	0	0
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**0**	**0.48**
8	महाराष्ट्र	2019-20	0	1.52*
		2020-21	1**	0
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**1**	**1.52**
9	त्रिपुरा	2019-20	0	0
		2020-21	2**	0
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**2**	**0**
10	पश्चिम बंगाल	2019-20	0	0
		2020-21	0	0
		2021-22	0	6.83*
		2022-23	0	0
		कुल	**0**	**6.83**
1 1	हिमाचल प्रदेश	2019-20	0	0
		2020-21	0	0
		2021-22	1	10
		2022-23	0	0
		कुल	**1**	**10**
12	हरियाणा	2019-20	1	0
		2020-21	0	6.06*
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**1**	**6.06**
13	चंडीगढ़	2019-20	0	0
		2020-21	0	0
		2021-22	0	2.82*

		2022-23	0	0
		कुल	**0**	**2.82**
14	असम	2019-20	2	5.7725
		2020-21	0	5.6875*
		2021-22	0	3.96*
		2022-23	0	0
		कुल	**2**	**15.42**
15	पंजाब	2019-20	2	0
		2020-21	0	5.77*
		2021-22	1	10
		2022-23	0	0
		कुल	**3**	**15.77**
16	झारखंड	2019-20	1	9.80
		2020-21	0	0
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**1**	**9.80**
17.	सिक्किम	2019-20	0	0
		2020-21	1	8.87
		2021-22	0	0
		2022-23	0	0
		कुल	**1**	**8.87**
	कुल योग		27	206.904
	*इसमें विगत वित्तीय वर्ष में अनुमोदित विगत में स्वीकृत परियोजना/नई परियोजना के लिए पश्चातवर्ती किश्तों का संवितरण शामिल है। **निधि का संवितरण किया जाना शेष है।			